राज्यपाल सचिवालय

राज भवन जयपुर

राज्यपाल ने कहा, केसरिया बालम पधारो म्हारे गांव गीत गाएं

राज्यपाल ने जनसंवाद के साथ ग्रामीणों की सूनी परिवेदनाएं

जयपुर/बाड़मेर, 10 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने बाड़मेर जिले की तामलोर ग्राम पंचायत में गंवई नाडी रिनोवेशन कार्य का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने ग्रामीणों से गंवई नाडी में पानी की आवक,उपयोगिता एवं इसके निर्माण के बारे में जानकारी ली। तामलोर ग्राम पंचायत के सरपंच हिन्दूसिंह तामलोर एवं ग्रामीणों ने बताया कि भारतीय सेना के जवानों ब्लास्ट के जरिए इस नाडी का निर्माण कराया था। भारत-पाक युद्ध 1971 के दौरान ग्रामीणों ने भारतीय सेना का सहयोग किया था। उन्होंने बताया कि मनरेगा एवं आईडब्ल्यूएमपी के माध्यम से इस नाडी की पक्की पाल का निर्माण कराया गया है। इसके आगोर में तीस बेरियां भी बनी हुई है। इस दौरान राज्यपाल श्री बागडे ने ग्रामीणों से पेयजल के स्त्रोतों एवं पानी की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने तामलोर ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी गुडडीकंवर के आवास एवं पानी के टांके का अवलोकन किया।

राज्यपाल ने लाभार्थी गुडडीकंवर एवं उसके परिजनों से आवास निर्माण एवं अन्य योजनाओं से लाभांवित होने के बारे में पूछा। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत लगे नल कनेक्शन का भी अवलोकन किया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले पानी की भारी दिक्कत थी। एक हजार रूपए में पानी का टैंकर डलवाना पड़ता था। अब घर-घर पानी के कनेक्शन होने से उनको खासी सहुलियत हो गई है। राज्यपाल ने पानी की आवक एवं टांके में उपलब्ध पानी की उपयोगिता की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि टांके में उपलब्ध पानी कितने समय तक चलेगा,इस पर लाभार्थी परिवार ने बताया कि उनके लिए तीन-चार माह तक पर्याप्त होगा। जिला कलक्टर निशान्त जैन ने बताया कि इस परिवार को उज्ज्वला एवं अन्य योजनाओं से लाभांवित किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्य के बारे में बताया गया कि तामलोर ग्राम पंचायत में 500 घरों में जल कनेक्शन किए जा चुके है। इससे 2500 की आबादी लाभांवित हुई है। तामलोर ग्राम पंचायत में राज्यपाल श्री बागडे तामलोर ग्राम पंचायत में पैदल चलकर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से रूबरू हुए। उन्होंने ग्रामीण हाकमसिंह, रेखाकंवर से बातचीत करते हुए भारत-पाक विस्थापन,सरकारी योजनाओं की क्रियान्विति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने एक निर्माणाधीन मकान पर आवास योजना के लाभार्थी का नाम प्रदर्शित करवाने के निर्देश दिए।

इस दौरान उनका स्थानीय लोक कलाकारों ने केसरिया बालम पधारो म्हारे देश लोकगीत की प्रस्तुति देते हुए स्वागत किया। राज्यपाल ने लोक कलाकारों के साथ फोटो खिंचवाने के साथ कहा कि वे पधारो म्हारे गांव के जरिए मेहमानों का स्वागत करें।

जन संवाद के साथ ग्रामीणों की सूनी परिवेदनाएंः राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने तामलोर ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से जन संवाद करते हुए जानकारी ली कि उनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ कौनसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके खातों से डीबीटी के जरिए राशि जमा हो रही है। इस दौरान ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने, मुनाबाव को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने समेत विभिन्न प्रकार की परिवेदनाओं से अवगत कराया।।

बच्चों से कहा बार-बार पूछे सवाल: राज्यपाल श्री बागडे ने राउमावि तामलोर में अतिरिक्त कक्षा कक्ष एवं कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने कंप्यूटर शिक्षा के बारे में जानकारी लेने के साथ विद्यार्थियों से कहा कि जब तक कोई विषय या सवाल समझ में नहीं आता है, तो वे अपने अध्यापकों से बार-बार पूछे। उन्होंने कहा कि डरना नहीं है,मन लगाकर पढ़े और कामयाबी हासिल करें। उन्होंने विद्यालय के परीक्षा परिणाम के बारे में जानकारी लेते हुए दसवीं कक्षा में अनुतीर्ण हुए विद्यार्थियों का दुबारा अध्ययन सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने तामलोर विद्यालय में पौधारोपण करते हुए आमजन से अधिकाधिक पौधारोपण करने के लिए कहा।

हर घर तिरंगा फहराएं

राउमावि तामलोर के बच्चों ने राज्यपाल श्री बागडे को कविता एवं देशभक्ति गीत सुनाए। इस दौरान राज्यपाल श्री बागडे ने विद्यार्थियों के साथ हर घर तिरंगा अभियान का संदेश देते हुए ग्रुप फोटो खिंचवाया। उन्होंने कहा कि हर घर पर तिरंगा अवश्य फहराएं।

-पाक सीमा पर स्थित तामलोर गाँव की इस नाडी का इतिहास
ानीय लोगों के सेना के जवानों के साथ कंधे से कंधा
ह रहा है। सेना के अधिकारीयों ने गांव वालों के सहयोग से
लाब का निर्माण करवाया। तब से लेकर आज तक
नरेगा योजना एवम IWMP योजनान्तर्गत पक्की पाल का निर्माण
ाडी का जीर्णोद्धार करवा कर स्थानीय लोगों व पशुओं के लिए
समाधान किया जा रहा है। गर्मीयों के मौसम में
हली है जो कि स्थानीय लोगों के पेयजल समस्या का समाधान करती है।
ाडी की गहराई 40 फिट व चौड़ाई 200 फिट है।